आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड) रविवार 05.01.2025

मुख्य समाचार :–

- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– उत्पादक और उपभोक्ता राज्यों के बीच मूल्य अंतर को कम करने के लिए परिवहन और भंडारण की लागत केन्द्र सरकार वहन करेगी।
- राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में आपातकालीन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी लागू।
- प्रदेश में शीतकालीन यात्रा का सुचारू रूप से संचालन जारी, अब तक 40 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।
- उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम घोषित, परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू होकर 11 मार्च तक चलेंगी।

लागत वहन

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार उत्पादक और उपभोक्ता राज्यों के बीच मूल्य के अंतर को दूर करने के लिए परिवहन और भंडारण की लागत वहन करेगी। श्री चौहान ने आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की और कृषि क्षेत्रों की विकास दर पर चर्चा की।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 11 करोड़ किसानों को 18 किश्तों में लगभग तीन लाख 46 हजार करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड पर कम ब्याज पर ऋण की व्यवस्था सहित अनेक उपाय किये गये हैं।

एसओपी

राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में आपातकालीन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी लागू कर दी गई है। इसके तहत अब इमरजेंसी में आने वाले हर मरीज को तत्काल इलाज मिलेगा। राज्य सरकार ने साफ निर्देश दिए हैं कि किसी भी मरीज को उपचार से मना नही किया जाएगा और न ही इलाज में देरी की जाएगी। निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि नई एसओपी लंबे विचार–विमर्श के बाद जारी की गई है, जिसके तहत मरीजों की त्वरित जांच, क्लीनिकल प्रोटोकॉल, डॉक्यूमेंटेशन और क्वालिटी एश्योरेंस के दिशा–निर्देश दिए गए हैं। गंभीर मरीजों को इमरजेंसी में 10 मिनट के भीतर इलाज मिलना अनिवार्य होगा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों के लिए समूह बीमा योजना शुरू करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। श्री धामी ने मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि प्रेस प्रतिनिधियों को समाचार संकलन के लिए राज्य में यथा संभव सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हित में पत्रकार कल्याण कोष के कॉरपस फंड की धनराशि को बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूर–दराज से आने वाले मीडिया कर्मियों को ठहरने में और कामकाज करने में आसानी हो सके इसकी भी व्यवस्था की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री ने उत्तरांचल प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि के जनमानस से हमने जो समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कही थी वह वायदा हम पूरा करने जा रहे हैं।

अग्निवीर वायु

भारतीय वायु सेना उत्तराखंड समेत उत्तर भारत के विभिन्न जिलों से अग्निवीर वायु के रूप में युवाओं के चयन के लिये ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने जा रही है। पंजीकरण प्रक्रिया 7 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक जारी रहेगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार gnipathvayu.cdac.in पर जा सकते हैं।

शीतकालीन यात्रा

उत्तराखंड में शीतकालीन यात्रा के प्रति तीर्थयात्रियों में उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष अब तक शीतकालीन यात्रा में चालीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने विभिन्न तीर्थस्थलों के दर्शन कर पूजा–अर्चना की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में शीतकालीन यात्रा गेम चेंजर साबित हो रही है और इससे आर्थिकी को भी प्रोत्साहन मिल रहा है।

स्लग–उत्तराखंड बोर्ड

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी हैं। बोर्ड की परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू होकर 11 मार्च तक चलेंगी। बोर्ड बैठक के बाद जानकारी दी गई कि इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए 49 एकल व 1196 मिश्रित कुल 1245 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इस बार बोर्ड परीक्षा में 2 लाख 2 हजार 403 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड हैं। हाईस्कूल में 1 लाख 13 हजार 690 व इंटरमीडिएट में 1 लाख 09 हजार 713 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षाएं सुबह दस से एक बजे तक कराई जाएंगी।

विशेष भेंट

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम–2025 के मसौदे में नागरिकों के डेटा और उनके अधिकारों की सुरक्षा के प्रावधान किये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष भेंट में श्री वैष्णव ने कहा कि मसौदा नियमों में नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के प्रावधान, बच्चों के लिए संभावित डिजिटल जोखिमों को रोकने के उपाय और नागरिकों को अपने अधिकारों का आसानी से उपयोग करने में सक्षम बनाने के प्रावधान शामिल हैं।

समाचार पत्रों की सुर्खियो :–

- देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव 2024 का उद्घाटन किया। इस खबर को सबी अखबारों ने प्रमुखता दी ळें

- दैनिक जागरण पीएम मोदी के संबोधन की बात को शीर्षक बनाकर लिखता है..कुछ लोग जाति के नाम पर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की कर रहे कोशिश

- वहीं हिंदुस्तान लिखता है कुछ लोग जाति के नाम पर जहर फैलाने की कोशिश कर रहे
- राष्ट्रीय सहारा लिखता है, जाति के नाम पर जहर से रहे सावधान

- 4 जनवरी को जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा में सेना का वाहन खाई में गिरने से 4 जवान शहीद हो गए. इस खबर को सभी अखबार पत्रों ने प्रमुखता से स्थान दिया है

- नवोदय टाइम्स लिखता है बांदीपोरा में सैन्य वाहन खाई मे गिरा, 4 जवानों की मौत, 1 घायल

- अमर उजाला लिखता है, सेना का ट्राक खाई मे गिरा, 4 जवान बलिदान, खराब मौसम और कम दृश्यता के चलते जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा में सैन्य वाहन फिसला

- देश में मौसम ने करवट बदली है..बदलते मौसम की खबर को सभी अखबार पत्रों ने अपने मुख्य पृष्ठ पर स्थान दिया है। दैनिक जागरण ने शीर्षक बनाकर लिखा, घने कोहरे से उत्तर भारत में थमा जनजीवन

- अमर उजाला लिखता है, आधे भारत में कोहरा, ट्रेन और विमान सेवाएं चरमराई

- नवोदय टाइम्स ने शीर्षक दिया कोहरा ही कोहरा, दिल्ली एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में दृश्यता घटी
- राष्ट्रीय सहारा लिखता है कोहरे का कहर ..400 से अधिक उड़ाने हुई लेट।